हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

11 नारनौल रोड पर गरजी डीटीपी की जेसीबी, 9 एकड़ में बन रही कॉलोनी जमीदोज



12 कंपनी ने सीएसआर फंड से लगाई मशीन आरती की झोली में क्रेडिट डालने पर जोर




## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन के टावर से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन के टावर में खड़ी बाइक चोरी हो गई। जाआरपी को दर्ज शिकायत में आदर्श नगर निवासी धीरज ने बताया कि वह बाइक से अपनी चाची को छोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन गया था। बाइक टावर के अंदर खड़ी करने के बाद वह स्टेशन पर चला गया। जब वह वहां से वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। यह बाइक उसकी मां के नाम पर पंजीकृत है। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

### ट्रेन में सफर कर रहे यात्री का बैग चोरी

**रेवाड़ी।** लोहारू से दिल्ली जा रहे एक यात्री का ट्रेन में बैग चोरी हो गया। जीआरपी दिल्ली कैंट को दर्ज शिकायत में शिकायत में दिल्ली के सरस्वती मार्ग निवासी सुमित ने बताया कि वह ट्रेन से दिल्ली जाने के लिए लोहारू स्टेशन से सवार हुआ था। उसका बैग पास में ही सीट पर रखा हुआ था। ट्रेन रेवाड़ी स्टेशन पर पहुंची तो उसका बैग चोरी हो गया। बैग में 5500 रुपये और अन्य सामान था। पूछताछ करने के बाद भी बैग के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। दिल्ली कैंट से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर जीआरपी ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मंदोला में करीब दो साल पहले मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर 23 अगस्त 2022 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ति ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में पुलिस ने मंदोला निवासी पवन को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**रेवाड़ी।** रोलियावास बस स्टैंड के पास कार की टक्कर लगने से एक बाइक सवार घायल हो गया। राजस्थान के झिवाणा निवासी गौरव नांगल मूंदी में गांव में रह रहा है। वह घर से बाइक लेकर रेवाड़ी की ओर आ रहा था। रोलियावास बस स्टैंड के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। रामपुरा थाना पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद कार चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### नशीला पदार्थ मुहैया कराने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सीआईए ने नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए की टीम ने 1 अक्टूबर 2021 को न्यू आदर्श नगर में रहने वाले सुमित नशीला पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ रामपुरा थाने में केस दर्ज कराया गया था। उसने पूछताछ के दौरान बताया था कि उसे गांजा नूंह के पिपिका निवासी शहबाज उर्फ शब्बा ने उपलब्ध कराया था। सीआईए ने अब आरोपी शहबाज को नूं से गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट व धमकी मामले में तीन गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जोनावास में मकान का निर्माण कराते समय मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में रामनरेश ने जोनावास की कई महिलाओं और उनके परिवार के सदस्यों पर मारपीट करने के आरोप लगाए थे। मारपीट में वह उसकी पत्नी व एक अन्य घायल हो गए थे।

## अन्य डिपो में फर्राटा दौड़ रही एसी बसें, यात्रियों को नई बसें आने का इंतजार

# पांच दशक में चार करोड़ तक पहुंचा राजस्व रोडवेज डिपो को एसी बस नसीब नहीं हुई


- मई माह तक डिपो को 10 नई एसी बसें मिलने की संभावना जताई जा रही

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

बड़ी संख्या में रोडवेज डिपो में एसी बसें दौड़ रही हैं, परंतु स्थानीय डिपो को आज तक नई एसी बस नसीब नहीं हुई हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों को बस स्टैंड से एसी बसों की सुविधा नहीं मिल पा रही है। पूर्व में डिपो को चार पुरानी एसी बसें दूसरे डिपो से मिली थीं, जो खटारा होने के कारण वापस भेज दी गई थीं। हर माह सरकार खजाने में करीब 4 करोड़ रुपये का राजस्व कराने वाला डिपो हर मामले में उपेक्षा का शिकार माना जा रहा है। हालांकि मई माह तक डिपो को 10 नई एसी बसें मिलने की संभावना जताई जा रही है, परंतु इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

वर्ष 1970 में बने डिपो को बस स्टैंड बिल्डिंग से लेकर बस सेवाओं के मामलों में लगातार उपेक्षित रखा गया है। इस डिपो के बाद बने डिपो को वर्षों से पहले नए भवन मिल चुके हैं, परंतु इस डिपो को आज तक नई बिल्डिंग नहीं मिली है। जहां तक बस सेवाओं का सवाल है, डिपो में इस समय सामान्य श्रेणी की 112 बसें हैं, जबकि 35 बसें अनुबंध के आधार पर चल रही हैं। कुछ समय पहले पांच इलेक्ट्रिक बसें लोकल रूटों पर चलाने के लिए मिली थीं। डिपो को आज तक नई एसी बसें नहीं मिली हैं, जबकि पड़ोसी जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल डिपो के पास 10 एसी बसें हैं। इन बसों का संचालन लंबे और अच्छा राजस्व अर्जित करने वाले रूटों पर हो रहा है। स्थानीय बस स्टैंड से एक भी एसी बस का संचालन नहीं हो रहा है, जिस कारण लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों को सामान्य बसों का सहारा ही लेना पड़ता है। जो यात्री एसी बसों में सफर करना पसंद करते हैं, वह यहां से दिल्ली या दूसरे बस स्टैंड पर जाने के बाद बस बदलने को मजबूर हो जाते हैं। एसी बसों का संचालन नहीं होने से डिपो के राजस्व पर भी असर पड़ रहा है। लंबे रूटों पर एसी बसों का संचालन डिपो का राजस्व बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। साथ ही इससे यात्रियों को बेहतर सुविधा भी मिल सकती है।






**रेवाड़ी।** रेवाड़ी का सामान्य बस स्टैंड, बस स्टैंड के उद्घाटन का शिलापट्ट। फोटो :हरिभूमि

### अक्सर डिपो के हिस्से आता है 'कबाड़'

इस डिपो का रिसीट प्रति किलोमीटर औसत 27.45 रुपये है, जो काफी अच्छा माना जाता है। मार्च माह में ही रोडवेज डिपो ने सरकारी खजाने में लगभग 3.78 करोड़ रुपये जमा कराए थे। वर्ष 2012 में डिपो को चार पुरानी एसी बसें मिली थीं। इनमें से दो बसें यमुनानगर और दो नारनौल डिपो से भेजी गई थीं। बसों की हालत सही नहीं होने और वर्कशॉप में एसी बसों के मैकेनिकों के अभाव इन बसों को वापस भेज दिया गया था। इसके बाद डिपो को एसी बसें नहीं मिलीं।



### मेरे संज्ञान में नहीं एसी बसों का मामला

*एसी बसों का मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं है। बसों की खरीद संबंधी प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। अगर डिपो को नई एसी बसें मिलती हैं, तो इससे यात्रियों की बस सेवाओं में सुधार हो सकेगा। -प्रदीप अहलावत, जीएम।*

### सैकड़ों किमी लंबे रूटों पर सामान्य बसें

इस डिपो से वाया दिल्ली जालंधर व कटरा, हरिद्वार, कोटा, आगरा व जयपुर आदि रूटों पर सामान्य बसों का संचालन होता है। इन रूटों पर यात्रियों की संख्या काफी अधिक रहने के कारण सभी बसें यात्रियों से भरी हुई चलती हैं। अगर डिपो से एसी बसों का संचालन लंबे रूटों पर शुरू होता है, तो इससे डिपो का राजस्व बढ़ना तय है। एसी बसों के उपलब्धता के बाद उन्हें दिल्ली से भी लंबे रूटों के लिए संचालित किया जा सकता है।

### दस बसों की खरीद किया जाना जरूरी

जानकार सूत्रों के अनुसार बस निर्माता कंपनियां किसी भी डिपो में कम से कम 10 बसों की खरीद की शर्त रखती हैं। इसका कारण यह है कि बसों की मेंटिनेंस का जिम्मा भी संबंधित कंपनी का होता है। कम बसों के कारण कंपनी के लिए वर्कशॉप में स्टाफ नियुक्त करना संभव नहीं होता। रोडवेज सूत्रों के अनुसार अब दस बसों की खरीद करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अगले माह तक डिपो को एसी बसें मिलने की संभावना है।

## साइबर ठगी मामलों के दो और आरोपी काबू, एक को कोर्ट से रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन मामलों में पुलिस पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। एक आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है, जबकि दूसरे को जेल भेज दिया गया। गत 18 जनवरी को पुलिस शिकायत में मूल रूप से हिसार के भैणी अमीरपुर निवासी अमरजीत ने बताया था कि वह इस समय धारूहेड़ा में रह है। उसके मोबाइल पर एक मैसेज 13 जनवरी को आया था, जिसमें एक लिंक भेजकर वर्क फ्रॉम होम करने के लिए कहा गया था। वह लिंक पर क्लिक करने के बाद गुरप से जुड़ गया। पहले उसके खाते में 66 रुपये आए। इसके बाद 100 रुपये जमा किए तो उसे 230 रुपये मिले। 900 रुपये जमा कराने के बाद उसे 2036 रुपये मिल गए। इसके बाद वह लगातार रुपये जमा कराता रहा। जब वह 202365 रुपये जमा करा चुका था, तो उसे यह राशि वापस पाने के लिए 1.12 लाख रुपये और जमा कराने को कहा। इसके बाद उसे ठगी का पता चल गया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब इस मामले में यूपी के अकबरपुर निवासी तुफेल अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।



**रेवाड़ी।** टावर लगाने के नाम पर ठगी का आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

### मोबाइल टावर के नाम पर हुई थी ठगी

रोझूवास निवासी बलजीत सिंह के मोबाइल पर 16 जून 2021 को फोन आया था, जिसमें उसे अपनी जमीन पर मोबाइल टावर लगाने की बात कही गई थी। उसे मोबाइल टावर लगवाने का खर्च 50 हजार रुपये बताया गया था। इसके बाद फोन करने वाले ने झांसे में देकर उससे 112550 रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर जांच करते हुए दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में पुलिस ने एमपी के रायपुर कर्चुलियान निवासी पंकज गुप्ता को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### पिता से मिलने आए युवक की सड़क हादसे में मौत

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर रूध पुल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। राजस्थान का रहने वाला युवक अपने पिता से मिलने के लिए आया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। राजस्थान के नाहर खेड़ा निवासी लीलराम ने रूध पुल के पास प्रदूषण जांच केंद्र खोला हुआ है।

वह प्रदूषण जांच केंद्र पर ही रहता है। उसका 20 वर्षीय बेटा दीपेंद्र उससे मिलने के लिए आया हुआ था। दीपेंद्र राजस्थान में कोचिंग ले रहा था। रूध पुल के पास सड़क पार करते समय किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे पास के ही एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीरावस्था में ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जब दीपेंद्र को ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा रहा था, तो उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया।

## सीएम फ्लाइंग ने पकड़ा सरसों का अवैध स्टॉक, मौके पर ही किया गया जुर्माना





**बावल।** गादोम में लगी सरसों की बोरियां व कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

सीएम फ्लाइंग ने गांव टांकड़ी में बिना लाइसेंस सरसों की खरीद करने के बाद स्टॉक करने के मामले में एक गोदाम पर रेड की। गोदाम में सरसों का भंडारण पाए जाने पर मौके पर ही जुर्माना वसूला गया।

सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर राजेश ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट एक्सईएन रवि व मार्केट कमेटी के सहायक सचिव राकेश यादव के साथ टांकड़ी के एक गोदाम पर रेड की। इस गोदाम में टांकड़ी निवासी उमेद सिंह ने 205 क्विंटल सरसों का भंडारण किया हुआ है। सीएम फ्लाइंग ने उससे सरसों की खरीद का लाइसेंस और मार्केट फीस के दस्तावेज दिखाने को कहा, तो वह कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद मार्केट कमेटी ने उस पर 28.3 हजार रुपये जुर्माना किया। उमेद ने जुर्माना मौके पर ही अदा कर दिया। सीएम फ्लाइंग की इस कार्रवाई से सरसों की खरीद व भंडारण करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। बड़ी संख्या में व्यापारियों ने सरसों की खरीद करने के बाद उसका स्टॉक किया हुआ है, ताकि आने वाले समय में भाव बढ़ने के बाद उसकी बिक्री से मोटा पैसा कमाया जा सके।

## मोबाइल शॉप चलाने वाले ने नाबालिग को फंसाया, ऑनलाइन गेम का चस्का लगाकर 1.30 लाख रुपये वसूले

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा की एक सोसायटी पास मोबाइल शॉप चलाने वाले दुकानदार ने 14 साल के नाबालिग को ऑनलाइन गेम का चस्का लगाकर 1.30 लाख रुपये वसूल लिए। नौंवी कक्षा में पढ़ने वाले नाबालिग ने घर से यह राशि चुराकर दुकानदार को सौंप दी। आरोप है कि दुकानदार ने कई अन्य नाबालिग बच्चों को ऑनलाइन गेम के चक्कर में उलझाया हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। यह केस एसपी के आदेश पर दर्ज किया गया है। एसपी को दर्ज शिकायत में सोसायटी में रहने वाली महिला ने बताया कि उसका बेटा एक प्राइवेट स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र है। वह ब्यूटी पार्लर चलाती है और उसके पति की कॉस्मेटिक्स की दुकान है। उसे पैसे की जरूरत पड़ी तो अलमारी में रखे पैसे निकालने चाहे। अलमारी में रखे 1.30 लाख रुपये गायब मिले। उसने अपने पति को पैसे गायब होने के बारे में बताया। उसके पति ने बेटे से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह राशि उसने अलमारी से निकालकर मोबाइल की दुकान चलाने वाले विनोद कुमार को दी थी। विनोद कुमार ने उसके मोबाइल फोन पर एक ऐप डाउनलोड की थी, जिसमें पैसा कमाने के लिए ऑनलाइन गेम था।

### कई बच्चों को उलझाया जाल में

नाबालिग स्कूल से आने के बाद ट्यूशन पढ़ने के लिए जाता है। उसने अपने माता-पिता को बताया कि विनोद के पास कई स्कूली बच्चे आते हैं। वह अपने लैपटॉप पर बच्चों को ऑनलाइन गेम खेलना सिखाता है। उसे भी लैपटॉप से गेम खेलना सिखाया। बाद में उसे मोबाइल पर गेम खेलने के लिए रिडीम कोड की जरूरत बताते हुए क्वाइन खरीदने को कहा। उसने दावा किया कि गेम खेलने से उसके पैसे 20 दिन में डबल हो जाएंगे। उसके क्वाइन गेम खेलने में खत्म हो जाते थे, परंतु उसके बदले पैसा कोई नहीं मिलता था। विनोद के कहने पर वह घर से पैसे निकालकर ले जाता था। एसपी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के आदेश दिए थे, जिसके आधार पर धारूहेड़ा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## नौकरी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लगभग दो साल पहले नौकरी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोपी को पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। बगथला निवासी अभयसिंह ने वर्ष 2023 में एसपी को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसका बेटा सोनू गढ़ी बोलनी के कोचिंग सेंटर में आर्मी की कोचिंग ले रहा था। इसी झाबुआ निवासी अजय ने उसके बेटे को आर्मी में लगवाने की बात कही थी। उसने दावा किया था कि उसकी आर्मी के बड़े अधिकारियों से जान-पहचान है। उसके बेटे को वह आर्मी में भर्ती करा देगा। इसके बदले उन्हें 5 लाख रुपये और दस्तावेजों का खर्च देना पड़ेगा। वह अजय के बहकावे में आ गया। उसने आरोप लगाया कि उसे 5.65 लाख रुपये देने के बाद आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार करके दे दिया। जब उसने रकम वापस लौटाने को कहा तो अजय ने जान से मारने की धमकी दी। एसपी ने पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। एसपी के आदेश पर कसोला पुलिस ने 30 सितंबर 2023 को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने अब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच के बाद यह बात भी सामने आई है कि उसके खिलाफ रोहतक के बहुअकबरपुर थाने में भी धोखाधड़ी का केस दर्ज है।

### दिनदहाड़े मकान से जेवरात चोरी, पुलिस ने काबू किया आरोपी



**बावल।** दुल्हेड़ा में एक मकान से दिनदहाड़े जेवरात चोरी हो गए। महिला ने गांव के ही एक युवक पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात बरामद हो गए हैं। पुलिस शिकायत में कोमल देवी ने बताया कि वह गांव में ही एक कपड़े की दुकान पर काम करती है। 21 अप्रैल को वह घर से दुकान पर चली गई थी। दोपहर के समय जब वह घर आई तो घर के कमरे का ताला खुला हुआ मिला। कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था। अलमारी से एक सोने की अंगूठी, चांदी की पाजेब, चांदी का गुच्छा व एक चांदी का सिक्का गायब मिले। उसने पड़ोस में रहने वाले लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि गांव के ही राजकुमार उर्फ कालू ने मकान का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया है। वह नाते में महिला का देवर लगता है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद राजकुमार को काबू किया, तो उससे चोरी किए गए जेवरात बरामद हो गए। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## डीसी अभिषेक मीणा ने नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में एडमिन ब्लॉक का उद्घाटन किया

# सरकार नशे की बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रयासरत: मीणा

- मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के समीप स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में एडमिन ब्लॉक का उद्घाटन किया। सेंटर का अवलोकन करते हुए उन्होंने मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सेंटर के मनोविज्ञानी एवं परामर्श कक्ष, मरीज कक्ष, भोजन शाला आदि का निरीक्षण किया और कहा कि यहां की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखें। मरीजों को समय पर दवाई और इलाज की सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र को और बेहतर बनाने में जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो नागरिक नशा मुक्ति केन्द्र से अपना इलाज करवा चुके है उनकी भी समय-समय पर रिपोर्ट लेते रहे।



**रेवाड़ी।** केन्द्र के प्रशासनिक खण्ड का उद्घाटन करते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

डीसी ने कहा कि नशे की बुराई को जड़ से खत्म करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसी उद्देश्य को लेकर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को पूरे प्रदेश में चलाया हुआ है।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में निरंतर जागरूकता अभियान चलाएं, ताकि लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार में कोई व्यक्ति नशे का आदी हो चुका है तो परिजन उसे उपचार के लिए इस नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में ला सकते हैं। जहां मरीज को परामर्श दिए जाने के साथ उसका उपचार भी किया जाता है। इस केंद्र का टोल फ्री नंबर 18001803783 है, जिस पर फोन कर निःशुल्क सलाह भी ली जा सकती है। डीसी ने नशा मुक्ति केन्द्र में उपचाराधीन मरीजों के बारे में पूछताछ की और उनको फल वितरित किए।

### सेंटर में 15 मरीजों के रहने की व्यवस्था

जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में इस समय नौ रोगी हैं। इस सेंटर में 15 मरीजों के रहने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि रोगियों की समय-समय पर काउंसलिंग की जाती है और उन्हें नशा छोड़ने के प्रति जागरूक किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में रोगियों को मनोरंजन के लिए खेल व घूमने की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा मरीजों को रोजाना योगाभ्यास करवाया जाता है। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, डीएसपी विनोद शंकर, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र श्योराण, मनोवैज्ञानिक संदीपा, नशा मुक्ति केंद्र के परियोजना समन्वयक जोगेन्द्र, पिंकी दलाल आदि मौजूद रहे।




# 'रेट्रो' का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। 'रेट्रो' एक मई को रिलीज होने वाली है। 'रेट्रो' के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style


# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम 'सैयारा' है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, "फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।




हॉलीवुड मसाला




# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# 'डॉन-3' में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन 3' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो 'लाफ्टर शेफ' में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें



निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, 'शादी कब कर रही हैं?' वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, 'आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।' इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।' शो 'लाफ्टर शेफ'में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। 'एक हजारों में मेरी बहना है' जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

## अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, 'वह



मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!' अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।

# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। 'कल्पना' बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।



### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।

### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# 'आमा-बुबू' की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स' के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म 'पायर' में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। 'पायर' फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म 'पायर' को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर '28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को '16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## 'ग्राउंड जीरो' में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। 'ग्राउंड जीरो'से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*


**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की 'द कश्मीर फाइल्स' 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।




**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर 'मिशन कश्मीर' उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।




**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 'शिकारा' भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म 'फितूर' की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म 'कश्मीर की कली' में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



## खबर संक्षेप

### बिजली निगम की बिलिंग से संबंधित सुनवाई आज

**महेंद्रगढ़।** बिजली निगम कार्यालय में 23 अप्रैल को कार्यकारी अभियंता आफिस में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। यह सुनवाई चेयरमैन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा की जाएगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यालय ऑफिस में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर यह अपील कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### ताजपुर में कुएं से 200 फुट केबल चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के ताजपुर में एक किसान के कुएं से 200 फुट केबल अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। पीड़ित किसान ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। ताजपुर निवासी धर्मपाल ने बताया कि गत 20 अप्रैल की रात्रि को उसके कुएं से लगभग 200 फुट केबल अज्ञात चोर चुरा कर ले गए हैं।

### शराब ठेके से बीयर नकदी व मोबाइल चोरी

**कनीना।** सुजान वासी मेघनवास ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह गांव मोड़ी में ठेके पर बतौर इंचार्ज कार्यरत है। रविवार सुबह करीब 10 बजे जब वह ठेके से कैश लेने आया, तो सेलमैन सुभाष वासी बौंदकलां ने बताया कि सुबह करीब चार बजे ठेके पर दो युवक आए थे, जो बीयर की बोतल व 31 हजार रुपये सहित उसका मोबाइल फोन चोरी कर ले गए।

## डीटीपी का अवैध कॉलोनियों पर एक्शन जारी

# नारनौल रोड पर डीटीपी ने 9 एकड़ में बन रही कॉलोनी की जमींदोज

ढाणी सांतों में पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध निर्माण पर चली जेसीबी प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर कॉलोनाइजरों तक में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों के खिलाफ डीटीपी का एक्शन लगातार जारी है। मंगलवार को डीटीपी की टीम ने नारनौल रोड पर ढाणी सांतों में लगभग 9 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही कॉलोनी को जेसीबी मशीन से जमींदोज कर दिया। पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हो सका।

सरकार की अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की योजना के चलते भूमाफिया जिले के विभिन्न भागों में कॉलोनियां विकसित करने में लगा हुआ है। जिले के कई एरिया में बिना अनुमति निर्माण किए जा रहे हैं। डीटीपी ने इस तरह के निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया हुआ है। लगभग दो माह से डीटीपी विभाग की ओर से अभियान चलाकर अवैध निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इससे प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर कॉलोनाइजरों तक में हड़कंप मचा हुआ है। डीटीपी खुद अवैध निर्माण का सर्वे करने के लिए मैदान में उतर रहे हैं। जहां भी अवैध निर्माण पाए जा रहे हैं, वहीं टीम को तोड़फोड़ करने के लिए मैदान में उतार दिया जाता है। इसके बाद टीम जेसीबी मशीन से निर्माण गिरा देती है। इस समय अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों में हड़कंप सा मचा हुआ है। अभी तक दो फार्म हाउस भी डीटीपी की जेसीबी का शिकार बन चुके हैं।



**रेवाड़ी।** ढाणी सांतों में निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

### नारनौल रोड पर डीटीपी की नजर

अब डीटीपी की नजर नारनौल रोड पर पहुंच गई है। इस रोड पर कुंड व खोरी के आसपास बड़ी संख्या में प्लॉटिंग हो रही है। निर्माणाधीन एम्स के आसपास प्लॉटिंग करने वालों की संख्या ज्यादा है। पाडला में एक कॉलोनी विकसित हो रही है, जबकि माजरा के पास कृषि भूमि पर प्लॉट काटे जा रहे हैं। डीटीपी की टीम ने मंगलवार को ढाणी सांतों में 9 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही कॉलोनी पर जेसबी चलाई। इस कार्रवाई में 8 डीपीसी व कई प्रीकॉस्ट चारदीवारी को समतल कर दिया गया। कच्चे रोड नेटवर्क को भी जमीन के बराबर कर दिया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हो सका।

### अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। लोगों को बार-बार सलाह दी जाती है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले डीटीपी कार्यालय आकर यह सुनिश्चित कर लें कि जहां वह प्लॉट खरीद कर रहे हैं, वहां कॉलोनी नियमित है या नहीं। अनियमित कॉलोनी में प्लॉट लेकर निर्माण करने से उन्हें दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है।
-मंदीप सिंह सिहाग, डीटीपी।



**रेवाड़ी।** आईजीयू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

## पर्यावरण को शुद्ध रखने का संदेश

# विद्यार्थियों को पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया

- आईजीयू में हुआ पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन
- सुरक्षा उपकरणों के बारे में भी अवगत करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में पर्यावरण विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस की थीम 'अवॅर पावर अवॅर प्लेनेट' पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन नागपाल ने पर्यावरण को शुद्ध रखने का संदेश देते हुए सभी विद्यार्थियों को पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपशिष्ट पदार्थ, कूड़ा प्रबंधन एवं कूड़ा अलग करने के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के रंगों के कूड़ादानों के उपयोग एवं उसके लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जीव संकाय विभाग के सभी विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं एवं विभागों में साफ सफाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सुरक्षा उपकरणों के बारे में भी अवगत करवाया। इस अवसर पर अधिष्ठाता जीव संकाय विभाग प्रोफेसर पंकज त्यागी, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. श्रुति, इंजीनियर सोनिया, डॉ. प्रिया, डॉ. दीप्ति, डॉ. अमित कुमार, डॉ. संजय यादव, शोधार्थी देवानंद, डिंपल, मुस्कान, नीलम सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रोडवेज कर्मियों ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

- कर्मचारियों ने चौबीस घंटे की भूख हड़ताल को किया खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्राइवेट बसों को परमिट व न्य स्वीकृत मांगों का लागू कराने के लिए रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले कर्मचारियों की 24 घंटे की भूख हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई। इससे पूर्व कर्मचारी नेताओं ने रोडवेज जीएम को एक ज्ञापन भी दिया।

मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य पूर्व प्रधान बीर सिंह यादव, पूर्व प्रधान कैलाश चंद गुज्जर और देवेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानकर लागू करने का आश्वासन तो समय-समय पर देती आ रही है, इन मांगों को लागू करने से बच रही है। इससे कर्मचारियों को आथिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार न तो कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कर रही है और न ही विभाग में कर्मचारियों की भर्ती कर रही है। बसों की मरमत करना, साफ सफाई व आम जनता परिवहन सुविधा देने में परेशानी आ रही हैं। सरकार बिना किसी की मांग के 362 मार्गो पर प्राइवेट बस परमिट देने की योजना बना रही है। सरकार द्वारा घाटे का सौदा इलेक्ट्रिक बसे महंगी दरों पर ठेके पर ली गई हैं, जिसमें सरकार द्वारा दी जाने वाले फ्री व रियाती दरों पर मिलने वाली किसी भी प्रकार की सुविधा लागू नही हैं।



**रेवाड़ी।** जीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी नेता। **फोटो : हरिभूमि**

# ट्रैफिक पुलिस ने हादसों को रोकने के लिए लगाए रिफ्लेक्टर

- सड़क किनारे स्थित पेड़, पुल व खंभों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

**रेवाड़ी।** एसपी मयंक गुप्ता के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सड़क किनारे स्थित पेड़, पुल व खंभों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया हुआ है। ये रिफ्लेक्टर टेप अंधेरे में रोशनी पड़ते ही चमकेंगे। ऐसे में अब रात के दौरान वाहन ले जाते समय चालकों को ज्यादा दिक्कत नहीं होगी।

पुलिस विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विशेष प्रयास शुरू किए हैं। ट्रैफिक थाना एसएचओ निरीक्षक अनूप कुमार स्वयं पेड़ों पर रिफ्लेक्टर लगाने का काम कर रहे हैं। साथ ही पुलिस जवानों को भी पेड़ों और बिजली पोलों पर रिफ्लेक्टर लगाने के काम में लगाया गया है। रात के समय बिजली न होने की वजह से सड़क पर अंधेरा पसरा रहता है और पूरी सड़क सुनसान हो जाती है।



**रेवाड़ी।** पेड़ पर रिफ्लेक्टर लगाते हुए पुलिसकर्मी।

# भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

- संत शिरोमणि भक्त धन्ना जाट की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

धारौली गांव की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति के तत्वावधान में संत शिरोमणि भक्त धन्ना जाट की 610वी जयंती के उपलक्ष्य में कोसली स्कूल के सामने अन्न जल अर्पण समर्पण भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ के महंत शिवपुरी महाराज ने की। शिवपुरी महाराज ने कहा कि भक्त धन्ना जाट जैसी भक्ति संसार में विरलों को हासिल होती है।कहते हैं कि भक्त धन्ना जाट की सच्ची और निश्चल भक्ति से भगवान श्रीकृष्ण खुद उनके सामने प्रकट हो गये थे। कोसली रावमा विद्यालय के प्राचार्य दयानंद भारद्वाज ने कहा कि संत शिरोमणि भक्त धन्ना जाट एक प्रसिद्ध संत थे । अधिवक्ता राकेश लांबा ने कहा कि भक्त धन्ना जाट के तीन भजन सिख धर्म में अत्यंत पूजनीय श्रीगुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। मां-मातृभूमि सेवा समिति के युद्ध वीर सिंह लांबा ने आयोजन में सहयोग कतार्ओं का आभार व्यक्त किया।



**कोसली।** भंडारे में मौजूद संत व अन्य लोग। **फोटो : हरिभूमि**

# अंकनाद प्रतियोगिता में विशाल ने मारी बाजी



**बावल।** छात्र को सम्मानित करते गणमान्य लोग।

- स्कूल स्टाफ ने किया सातवीं के छात्र को सम्मानित
- पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने किया था सम्मनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

राजकीय उच्च विद्यालय सुठाना में अध्यनरत सातवीं कक्षा के छात्र विशाल को अंकनाद प्रतियोगिता में प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल करने पर हाल ही में 17 अप्रैल को पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सम्मानित किया।

इसी क्रम में विद्यालय में भी एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उप जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा ,खंड शिक्षा अधिकारी बावल मैडम राजबाला एवं डीएमएस अशोक नामवाल द्वारा विद्यार्थी विशाल को 11 हजार रुपये की पासबुक एवं प्रशस्ति पत्र सौंपा गया। पूर्व में यह विद्यार्थी जब पांचवी कक्षा में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय जलियावास में पढ़ता था तब उसने सफलता हासिल की थी।इस शुभ अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक मनोहरी कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं प्राथमिक विद्यालय जलियावास के बच्चों ने अपनी कला से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने विद्यार्थी विशाल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इसकी भरपूर प्रशंसा की ताकि और बच्चों को इससे प्रेरणा मिल सके ।

इनके अलावा विद्यालय मुखिया आर.पी. सिंह दहिया, राजेश वशिष्ठ,सुनीता यादव,रचना यादव ,भारती सिरोहा,संध्या वर्मा भारती हिंदी ,पूनम यादव,आदित्य वशिष्ठ ,मीना कुमारी ,ओमपाल ढिल्लन, कृष्ण कुमार, दिनेश कुमार ,राजेश कुमार, लक्ष्मी नारायण ,सरपंच रीना देवी ,आरती,डॉ. अमर सिंह ,पूनम ,रंजू आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रैली निकालकर बेटी को सम्मान देने का संदेश

- नाहड़ गांव में पोषण पखवाड़े के तहत समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

नाहड़ गांव में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित पोषण पखवाड़े के खंड स्तरीय समारोह का बेटियों को बचाने के संकल्प के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर महिलाओं ने जनचेतना यात्रा निकाल कर लोगों को बेटी को सम्मान दिए जाने का संदेश दिया।

बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पिंकी शर्मा ने कहा कि अभी भी हमारे समाज में कुछ रूढ़िवादी लोग बेटी को घर का बोझ मानते हैं। यह सही सोच नहीं है। पश्चिम के देश आज इसीलिए विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं कि वहां लड़के और लड़कियों में कोई भेद नहीं समझा जाता। बेटियां आज खेल, चिकित्सा, प्रशासन, विज्ञान, रक्षा आदि क्षेत्र में बुलंदियां छूकर अपने परिवार का नाम रोशन कर रही हैं। सुपरवाइजर उगंता एवं उपदेश ने महिलाओं से कन्या भ्रूण हत्या की बुराई को मिटाने की अपील करते हुए कहा कि गर्भवती स्त्री एक स्वस्थ शिशु को जन्म दे, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।




**कोसली।** जनचेतना रैली निकालते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिलाएं। **फोटो : हरिभूमि**

### पौष्टिक आहार के लिए किया प्रेरित

समारोह में महिलाओं को पौष्टिक आहार ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने की शपथ ली और गांव में चेतना यात्रा निकाली। ग्रामीण महिलाओं ने लोकगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर सरपंच महेंद्र सिंह, एएनएम सुनीता, सहायक प्रियंका, राहुल सहित ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।

# एक रुपया शगुन लेकर की गई शादी को लोगों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

- वर-वधु दोनों नौकरी पर हैं कार्यरत

कस्बे के एक गार्डन में शगुन के रूप में एक रूपया लेकर की गई शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। दहेज रहित शादी कराने की सभी सराहना कर रहे हैं। कस्बा निवासी मास्टर मदनलाल की पौत्री नेहा की शादी बिना दहेज संपन्न हो गई।

सरोजबाला और चेतन सिंह की पुत्री नेहा का रिश्ता रा म ग ढ़ निवासी कर्णसिंह के बेटे आजाद के साथ हुआ था। लड़का और लड़की दोनों नौकरी कर रहे हैं। 21 अप्रैल को दोनों की शादी हुई, जिसमें वर पक्ष की ओर से दहेज के रूप में शगून का एक रूपया ही लिया। बिना दहेज हुई शादी की चारों ओर सराहना की जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच शिवदीप, मास्टर देशराज भारद्वाज, वीरसिंह नंबरदार, मास्टर मदनलाल यादव व लड़का पक्ष की ओर से करण सिंह यादव व उनके रिश्तेदार उपस्थित रहे।



**धारूहेड़ा।** शादी के पंडाल में मौजूद दोनों पक्षों के लोग।

## कार्यक्रम | एचपीपीए स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# कष्ट निवारण शिविर में सरकारी योजनाओं से जोड़े 150 परिवार

प्रदेश में 55 लाख से ज्यादा परिवार हो चुके अब तक लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अंबेडकर भवन गली नंबर 3 में मंगलवार को कष्ट निवारण कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 150 परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया।

एचपीपीए स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला के नेतृत्व में बीपीएल कार्ड, आयुष्मान कार्ड, अविवाहित पेंशन, विदुर पेंशन, लाडली पेंशन, बुढ़ापा पेंशन जैसी दर्जनों योजनाओं का ऑनलाइन सरलीकरण की प्रक्रिया को समझाकर उनका उपयोग करवाया। खोला ने जन समस्याएं सुनते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में 500 से ज्यादा सरकारी योजनाओं से 55 लाख से ज्यादा परिवार लाभान्वित हुए है इन योजनाओं से 2014 से 2024 तक हरियाणा में बड़ा बदलाव हुआ है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल चल रहा है। 2014 से भाजपा सरकार ने हरियाणा को नॉन स्टॉप आगे बढ़ाने का काम किया है। हरियाणा में क्षेत्रवाद, भेदभाव होता था और युवाओं को नौकरी नेताओं के चक्कर काटने से मिलती थी। हमारा प्रदेश राजनीतिक बीमारियों से ग्रसित था। हमारी सरकार ने कई बातों को बदलने का काम किया है। सरकार ने क्षेत्रवाद को कम किया है। पीएम और सीएम का कहना है सबका साथ सबका विकास।



**रेवाड़ी।** कैंप में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सतीश खोला।

### पेंशन के लिए नहीं लगाने पड़ते चक्कर

बुजुर्गों को अब पेंशन के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। कांग्रेस 10 वर्षों के शासनकाल में महज 17 लाख बुजुर्गों को पेंशन दे पाई। इतने ही शासनकाल में हमारी सरकार ने 34 लाख से ज्यादा बुजुर्गों को पेंशन दी। डीबीटी के माध्यम से 12 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा ट्रांसफर किए। आयुष्मान और चिरायु योजना से 45 लाख से ज्यादा परिवार लाभान्वित हुए,1 करोड़ 30 लाख 36 हजार आयुष्मान और चिरायु कार्ड ऑनलाइन बनाए गए। 1 लाख 80 हजार से कम सालाना कमाई वाले इस योजना का लाभ ले रहे हैं।


**ग्राम पंचायत सिहास**
**खण्ड जाटूसाना, तहसील पाल्हावास, जिला रेवाड़ी**
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिहास, खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करवाया जाना है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 30.04.2025 तक जमा करवाएं। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी एवं पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 01.05.2025 को किया जाएगा।
**नोट :** दिनांक 30.04.2025 के बाद किसी की कुटेशन मान्य नहीं होगी।
हस्ता/- नरेन्द्र कुमार सरपंच, ग्राम पंचायत सिहास, खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी, मो. 9818330999

## खबर संक्षेप

### शराब ठेके से सेल्समैन का फोन चोरी

**कोसली।** नाहड़-सुरहेली रोड पर एक शराब ठेके से सेल्समैन का फोन चोरी हो गया। पुलिस शिकायत में पलवल के गांव लिखी निवासी डालचंद ने बताया कि वह शराब ठेके पर सेल्समैन लगा हुआ है। रात को वह ठेके के गेट के अंदर पर्दा लगाकर सो गया था। उसक मोबाइल काउंटर पर रखा हुआ था। किसी ने लकड़ी से पर्दा हटाकर उसका फोन बाहर खींचकर चोरी कर लिया। सुबह जब उसे फोन नहीं मिला, तो उसने सीसीटीवी कैमरा चेक किया। उसमें फोन लकड़ी से खींचते हुए अनजान व्यक्ति नजर आ रहा है। पुलिस ने कोसली निवासी राहुल को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

### घर के सामने खड़ी बाइक चोरी

**डहीना।** धवाना गांव में चोर रात को घर के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी कर ले गए। थाना खोल पुलिस को दर्ज शिकायत में गांव निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह अपनी बाइक घर के सामने खड़ी करता है। रात को वह बाइक खड़ी करने के बाद घर में सो गया। सुबह जब वह उठकर बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### दो किसानों के नलकूपों से केबल चोरी

**रेवाड़ी।** भूडला में चोर रात को दो किसानों के नलकूपों से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सरजीत ने बताया कि उसका सांपली रोड पर ट्यूबवेल है। सुबह जब वह अपने खेत में गया तो ट्यूबवेल पर लगे सोलर पंप की केबल गायब मिली। उसने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि चोर उसके पड़ोसी रमेश चंद के नलकूप से भी सोलर पंप की बिजली केबल चोरी कर ले गए। काफी पूछताछ के बाद भी चोरों का कोई पता नहीं चला।

### बारात में आए दूल्हे के पिता की कार चोरी

**कोसली।** झाड़ौदा गांव में बेटे की बारात लेकर आए एक व्यक्ति की कार चोरी हो गई। कोसली पुलिस को दर्ज शिकायत में चरखी दादरी के फतेहगढ़ निवासी अशोक कुमार ने बताया कि वह झाड़ौदा गांव में बेटे की बारात लेकर आया था। बाइक को शादी समारोह स्थल के पास खड़े करने के बाद वह शादी में व्यस्त हो गया। सुबह करीब 5 बजे शादी से फ्री होने के बाद वह बाहर आया तो उसे कार नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी कार का कोई पता नहीं चल सका।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग कारोबारी की मौत

**रेवाड़ी।** जयपुर रेलमार्ग पर नाईवाली चौक फ्लाईओवर के नीचे मंगलवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक 66 वर्षीय तेल कारोबारी की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

सती कॉलोनी निवासी मोहनलाल का कटला बाजार में तेल का कारोबार है। मंगलवार सुबह मोहनलाल घर से घूमने के लिए निकला था। फ्लाईओवर के नीचे रेलवे लाइन पार करते समय वह एक ट्रेन की चपेट में आ गया। सिर में लगी गहरी चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान ट्रेन काफी देर तक वहीं खड़ी रही। शव की शिनाख्त मोहनलाल के रूप में होने के बाद जीआरपी ने शव का सामान्य अस्पताल से पोस्टमार्टम करा दिया।

### तीन कमरों में सेंध लगा नकदी व जेवरात चोरी

**रेवाड़ी।** आनंद नगर में चोर एक मकान के तीन कमरों से नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

पुलिस शिकायत में राजस्थान के भिवाड़ी निवासी काजल सेंगर ने बताया कि वह एक अस्पताल में नौकरी करती है। वह आनंद नगर में किराए के कमरे में रह रही है। 21 अप्रैल को वह ड्यूटी पर गई हुई थी पीछे से चोर उसके कमरे से का ताला तोड़कर 10 हजार रुपये और तीन अंगूठी चोरी कर ले गया। उसके डेबिट कार्ड व अन्य सामान भी चोरी कर ले गए। उसी मकान में रहने वाली दो अन्य महिलाओं के कमरों से भी सामान चोरी किया।

### स्वास्थ्य मंत्री का रोल सिर्फ शुभारंभ तक, टेस्ट मशीन के नाम जमकर पीटा जा रहा ढिंढोरा

# कंपनी ने सीएसआर फंड से लगाई मशीन आरती की झोली में क्रेडिट डालने पर जोर

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

सीएसआर फंड के तहत एक प्राइवेट कंपनी ने नागरिक अस्पताल में एटीएम हेल्थ मशीन भेंट करने के बाद इसका शुभारंभ कैबिनेट मंत्री आरती राव के हाथों से कराया था। उनका रोल मशीन के शुभारंभ से ज्यादा कुछ नहीं रहा, परंतु इस मशीन का क्रेडिट आरती राव की झोली में डालने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। इस मशीन के परिणाम भी ऐसे नहीं माने जाते, जिन पर चिकित्सा विशेषज्ञ आंखें बंद करके विश्वास कर सकें। दिलचस्प बात यह है कि जिस कंपनी ने अपने फंड से मशीन लगवाई है, आरती समर्थक उसका नाम तक लेने से बच रहे हैं।

कंपनी ने महज यहां के अस्पताल को ही नहीं, बल्कि गुरूग्राम, पटौदी और अटेली के अस्पतालों में भी यह मशीन सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत लगवाई थीं। मशीन का उद्घाटन 9 अप्रैल को कैबिनेट मंत्री आरती राव के हाथों से कराया गया था। उद्घाटन अवसर पर आरती राव ने खुद कंपनी प्रबंधन की इस मशीन को भेंट करने पर सराहना की थी। इसे लगाने में सरकार से लेकर मंत्री तक का कोई योगदान नहीं रहा। मशीन के उद्घाटन के लगभग 1 सप्ताह बाद आरती समर्थकों से लेकर सरकारी तंत्र तक ने इस मशीन को लगाने का पूरा क्रेडिट मंत्री की झोली में डालने के लिए पूरी ताकत लगा दी। एक प्रायोजित तरीके से अस्पताल में आए लोगों से मशीन लगवाने के लिए 'थैंक्स आरती' कहलवाने के बाद उसका जमकर प्रचार करना शुरू कर दिया। इस पूरी मुहिम में एक बार भी उस समय कंपनी का कहीं जिक्र नहीं किया गया, जिसने अपने सीएसआर फंड से मशीनें खरीदने पर मोटा पैसा खर्च किया है। यह मशीन हरियाणा स्टेट सीएसआर ट्रस्ट की ओर स्थापित कराई गई है। मशीन का श्रेय आरती को दिलाने के लिए अस्पताल के कुछ चिकित्सकों ने भी सराहना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मशीन के परिणामों के सौ फीसदी सही आने पर भी संशय की स्थिति बन सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार मशीन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी पर आधारित है। इससे में आने वाले एरर से रिजल्ट प्रभावित भी हो सकते हैं। कई चिकित्सा विशेषज्ञ ऐसी मशीनों से होने वाले टेस्ट पर ज्यादा भरोसा नहीं करते हुए लैब के टेस्ट में ज्यादा विश्वास रखते हैं।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में लगाई गई टेस्ट मशीन। फोटो :हरिभूमि

#### अपने हलके से ज्यादा रेवाड़ी पर जोर



मंत्री बनने के बाद आरती राव ने रेवाड़ी हलके में जिस तरह से सक्रियता बढ़ाई हुई है, वह स्थानीय विधायक की बेचैनी बढ़ाने के लिए कम नहीं है। इससे पूर्व राव इंद्रजीत सिंह ने वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों से इस हलके में हस्तक्षेप बढ़ा दिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद राव ने इस हलके पर पूरा फोकस किया है। नगर परिषद और जिला परिषद के चुनावों में पहले ही उनका पूरा दखल रहा है, जिस कारण दोनों के चेयरमैन पद पर राव समर्थक ही आसीन हैं। अब पिता की तर्ज पर आरती ने भी इस हलके में पूरा जोर लगा दिया है, ताकि भविष्य में इसे विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

#### मकसद गृह क्षेत्र में जड़ें मजबूत करने का

जिस तरह से गत दिनों शहर के आउटर बाईपास का शुभारंभ होते ही इसका श्रेय केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की झोली में डालने का प्रयास किया गया था, ठीक उसी तरह से इस मशीन का श्रेय आरती राव की झोली में डालने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार गत विधानसभा चुनावों में हार के मुंह में जाने से बची आरती राव अब रेवाड़ी हलके में अपनी जड़ें मजबूत बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। भविष्य की राजनीति को देखते हुए वह सुरक्षित हलके में अपना वर्चस्व मजबूत करना चाहती हैं, ताकि इस हलके को विकल्प के रूप में सुरक्षित रखा जा सके।

#### मशीन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी पर आधारित



यह मशीन पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी पर आधारित है। शुगर व बीपी के बार-बार टेस्ट कराने वाले मरीजों के लिए यह मशीन उपयोगी साबित हो रही है। जहां तक टेस्ट की गुणवत्ता का सवाल है, स्कैनर एरर के कारण इसमें कमी भी आ सकती है।

-डा. सुरेंद्र यादव, पीएमओ।





रेवाड़ी। स्कूल में पौधे लगाते व पृथ्वी संरक्षण की शपथ लेते आईएमए टीम व स्कूल स्टाफ के साथ बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## पृथ्वी दिवस पर आईएमए ने स्कूल में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आईएमए और गो ग्रीन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को हांसाका के एक प्राइवेट स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया, जिसमें आईएमए की टीम ने स्कूल में 100 पौधे लगाए। इस मौके पर पृथ्वी के संरक्षण की शपथ भी ली गई। आईएमए के जिलाध्यक्ष डा. दीपक शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा हरित संदेश को लोगों तक पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना जरूरी है। हरियाली से ही पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। गो ग्रीन क्लब आईएमए के अध्यक्ष डॉ. कंवर सिंह, डॉ. आरबी यादव, डॉ. विक्रम यादव और डॉ. रिया सिंह ने भी इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के निदेशक सुरेश कुमार की उपस्थिति और मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी डॉक्टरों, शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर नीम, अशोक और गुलमोहर के लगभग 100 पौधे रोपे। प्रत्येक पौधे पर पौधारोपक का नाम लिखित टैग लगाया गया, जिससे पौधों की देखभाल सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पृथ्वी की रक्षा के लिए शपथ ली, जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव और हरित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय प्रशासन, डॉक्टरों, छात्रों और स्वयंसेवकों को आयोजन सफल बनाने में योगदान देने के लिए सराहना की गई।

# पृथ्वी दिवस पर स्कूलों में रही कार्यक्रमों की धूम






रेवाड़ी। ज्ञानदीप स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व विद्यार्थी तथा लूखी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

### कई स्कूलों में पौधारोपण हुआ

- प्राचार्य सुनीता कुमार ने पृथ्वी के महत्व व इसके संरक्षण पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार को पृथ्वी दिवस के मौके पर जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने पौधे लगाकर हरियाली का संदेश दिया।

मोहनपुर के ज्ञानदीप स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य सुनीता कुमार ने पृथ्वी के महत्व व इसके संरक्षण पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने स्कूल प्रांगण में पौधे भी लगाए। आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली में विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया गया। स्कूल छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जन जीवन को सुगम बनाने का उत्कृष्ट प्रयास किया। विद्यार्थियों ने कोसली में एक रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पृथ्वी दिवस के बारे में जन -जन तक सन्देश पहुंचाया गया। विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में स्कूल प्राचार्या अंजू यादव ने स्कूल छात्रों को प्रेरित करते हुए पृथ्वी को हरा-भरा रखने का सन्देश दिया।


रेवाड़ी। विवेकानंद स्कूल लाखनौर में विद्यार्थी स्टाफ सदस्यों के साथ।

#### लाखनौर स्कूल में हुआ कार्यक्रम

लाखनौर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने भाषण, कविता, गीत व लघु नाटिका के माध्यम से सभी को हमारे जीवन में पौधों के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधन व विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक एडवोकेट सुधीर यादव ने पृथ्वी दिवस को मनाने के वास्तविक उद्देश्य को समझाते हुए हमारे जीवन में पौधों के महत्व व इनकी अनिवार्यता के बारे में बताया।




पौधारोपण के लिए स्टाफ के साथ यदुवंशी स्कूल के बच्चे।

#### लूखी स्कूल में भी हुआ कार्यक्रम

शहीद धर्मसिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लूखी में मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या उमा यादव ने कहा कि हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की समस्याओं के बारे में जागरूक करने के साथ साथ मां वसुंधरा का संरक्षण करना है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी है। रेवाड़ी के यदुवंशी शिक्षा निकेतन में भी पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी।

## नुक्कड़ नाटक से दिया पृथ्वी दिवस का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के आरआरएन डीएवी पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जगरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य सुनील कुमार यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों ने कोसली गांव के मठ, माता चौक, हुडा पार्क व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रैली निकाल कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। बच्चों ?द्वारा विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड नाटक में प्लास्टिक के उपयोग से बचने, पेड़ों की कटाई न करने और प्रदूषण को रोकने का संदेश दिया गया।बच्चों ने रैली और नाटक के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रिय शिक्षा समिति के प्रधान संजय यादव व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


कोसली। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

## राजगढ़ की पहाड़ियों में आग से हड़कंप खेतों में पड़े ईंधन को भी लिया चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

राजगढ़ गांव की पहाड़ियों में आग लगने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आग कुछ खेतों में इंधन तक पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी रास्ते में फंसने के कारण समय पर नहीं पहुंच पाई। ग्रामीणों ने कुओं के पानी से आग पर काबू पाया। इस दौरान कोई बड़ा नुकसान होने से टल गया।

ग्रामीणों ने पहाड़ी में लगी आग देखकर इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड की दी। सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी सूचना मिलने के बाद गांव की ओर निकली, परंतु खेतों में रास्ता नहीं होने के कारण गाड़ी बीच रास्ते में ही फंस गई। पहाड़ी में लगी आग संजय के खेत में पड़े ऱ्इंधन तक पहुंच गई। इसके बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आसपास के कुओं से पानी की व्यवस्था करते हुए आग पर काबू पाया। आसपास के खेतों में रहने वाले लोगों में आग फैलकर उनके कुओं तक पहुंचने की आशंका से हड़कंप मचा रहा। गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। इससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।





बावल। आग का जायजा लेते हुए पुलिस व रास्ते में खड़ी दमकल गाड़ी।

## पृथ्वी दिवस पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पृथ्वी दिवस पर मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत स्कूल प्रांगण में स्टाफ व विद्यार्थियों ने पौधे लगाए।

प्राचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए धरा को संरक्षित रखने के लिए वह व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। धरा के सुरक्षित रहने से ही मानव जीवन सुरक्षित है। इसे बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना अनिवार्य है। सुबह की सभा में स्कूली बच्चों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में पौधे लगाए। इसके बाद बच्चों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने बच्चों की ओर से प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की।


रेवाड़ी। डीएवी स्कूल में पौधे लगाते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

# गन प्वांइट पर तीन लोगों से मारपीट, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

खुर्शीद नगर में खेत में पानी लगाने के विवाद को लेकर पिस्टल प्वांइट पर तीन लोगों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मारपीट व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

अस्पताल में उपचाराधीन जसविंद्र ने पुलिस बयान में बताया कि वह गांव के ही अजीत के साथ अपने खेत में पानी देने के लिए फव्वारा सेट की लाइन लगा रहा था। इसी दौरान विजयपाल व महेश वहां आकर उनके साथ झगड़ा करने लगे।

शोर सुनकर पास में मौजूद उसका चाचा धनराज व परिवार के दूसरे सदस्य भी आ गए। सभी ने इन लोगों को झगड़ा करने मना किया। इसी दौरान विजयपाल ने अपने बेटे राहुल को फोन कर दिया। उसने आरोप लगाया कि राहुल गाड़ी लेकर वहां पहुंचा और पिस्टल निकालकर गोली मारने की धमकी दी। वहां मौजूद अभयसिंह ने उसे धमकाते हुए पिस्टल गाड़ी में रखने को कहा। इसके बाद आरोपियों ने उसके, अजीत व चाचा धनराज के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। परिवार के सदस्यों व आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर उनका बचाव कराया। इसके बाद वह उपचार के लिए नाहड़ पीएचसी पहुंच गए।

#### अस्पताल में आकर धमकी का आरोप

जसविंद्र ने पुलिस बयान में बताया कि जब झगडे में घायल तीनों अस्पताल पहुंचे तो वहां विनोद तीन-चार अन्य लोगों को लेकर पहुंच गया। उसने पुलिस केस करने पर तीनों को जान से मारने की धमकी दी। तीनों घायलों को नाहड़ में प्राथमिक उपचार के बाद रेवाड़ी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। नाहड़ पुलिस चौकी ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

## छात्राओं को पार्टी के जरिए दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के डीएवी महिला महाविद्यालय में मंगलवार को कामर्स विभाग की ओर से विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. जय सिंह ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें समाज में सदैव सकारात्मक भूमिका निभाने तथा अपने कालेज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। गृह विज्ञान विभाग की व्याख्याता डा. प्रीति धनखड ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें भविष्य में अपने प्रयासों से ऊंची उड़ान की सामर्थ्य अर्जित करने का संदेश दिया। इस मौके पर छात्रा कशिश को मिस डीएवी, हिमांशी को मिस फेयरवेल, चंचल को मिस कैटवाक मिस, आरती को मिस स्टाइलिश, रेखा को मिस इंटेलीजेंट, मुस्कान को मिस स्मार्ट व मिस पर्सनालिटी घोषित किया गया। कैटवाक के माध्यम से अपने आत्मविश्वास व आत्म गौरव को प्रदर्शित करने वाली छात्राओं को प्राचार्य ने सम्मानित किया।



कोसली। डीएवी महिला महाविद्यालय में छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य।